दिनांकः 10.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में बीते 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर तेज गर्मी और लू की स्थिति बनी रही। फलोदी में पारा 46 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं करीब बारह शहरों का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं हल्की बारिश दर्ज हुई। प्रतापगढ़ में बूंदाबांदी के समाचार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार जोधपुर और बीकानेर संभाग में आज अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रहने और लू की स्थिति जारी रहने की संभावना है। प्रचंड गर्मी के दौर के बीच आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में कई स्थानों पर आंधी और बारिश के आसार हैं। विक्षोभ का प्रभाव 13 मई तक रह सकता है। भीषण गर्मी के कारण कई स्थानों पर पानी की किल्लत भी देखने को मिल रही है। वहीं आगजनी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

....

प्रदेश में पंजीयन और मुद्रांक विभाग के सभी पूर्णकालिक 114 उपपंजीयक कार्यालय अब शनिवार और रविवार को भी खुले रहेंगे। विभाग के महानिरीक्षक ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए ये आदेश जारी किये गये हैं। इससे दस्तावेज के पंजीयन और बकाया राशि की वसूली तथा अन्य काम अवकाश के दिन भी हो सकेंगे।

....

जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आज क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन ''वार्तालाप'' का आयोजन किया जा रहा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय की ओर से हो रहे इस सम्मेलन में मीडियाकर्मियों को हाल ही में संशोधित किये गये तीन आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने बताया कि इसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 कानून शामिल हैं। सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए अतिरिकत पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, डॉ. मालिनी अग्रवाल ने कहा कि संशोधित आपराधिक कानूनों से न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी। इससे पीड़ित लोगों को न्याय मिलने में आसानी होगी।

....

परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया के पर्व पर आज प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। इस अवसर पर पाली, सांचौर, हनुमानगढ़, करौली, सवाईमाधोपुर, कोटपूतली और बाड़मेर सहित अन्य स्थानों पर शोभायात्रा और वाहन रैली निकाली जा रही हैं। मंदिरों में प्राकट्य महोत्सव और अभिषेक के आयोजन भी हो रहे हैं।

वहीं अक्षय तृतीया पर अबूझ सावा होने के कारण बड़ी संख्या मांगलिक आयोजन और सामूहिक विवाह सम्मेलन हो रहे हैं। इस अवसर पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्षय तृतीया के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा है कि यह शुभ अवसर लोगों को परोपकार के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह की कामना की है।

....

जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में बाघिन 'रानी' ने आज तीन शावकों को जन्म दिया है। उपवन संरक्षक जगदीश गुप्ता ने बताया कि इस बाघिन को मार्च 2021 में ओडिशा के नंदनकानन से जयपुर लाया गया था और ग्वालियर के गांधी जूलॉजिकल पार्क से लाये गये बाघ शिवाजी के साथ इसका जोड़ा बनाया गया। उन्होंने बताया कि इस खबर से वन्यजीव प्रेमी उत्साहित हैं।

....

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इसमें बीकानेर के मांड गायक अली मोहम्मद और गनी मोहम्मद को भी पद्मश्री से सम्मानित किया गया। बीकानेर के तेजरासर गांव में जन्मे मोहम्मद बंधुओं ने मांड गायकी को देश विदेश तक पहुंचाने का काम किया है।

....

वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने आज भारतीय नौसेना के कार्मिक प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। उन्हें जनवरी 1989 में भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था।

....